RAF SECTOR

NEWS CLIP

20/01/20

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Prabhat Khabar, Jamshedpur (JKD)

रैफ अस्पताल में चला पल्स पोलियो अभियान

जमशेदपुर. रैफ 106 के अस्पताल में रविवार को पल्स पोलियो अभियान चलाया गया. इस दौरान पांच वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप दी गयी. इस मौके पर रैफ के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ लॉरेंसबांडो सहित रैफ के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे.

Hindustan , Aligarh (UP)

अलीगढ़ में न बने शाहीन बाग, चार सेक्टरों में छह महिला मजिस्ट्रेट तैनात

रणनीति

अलीगढ़ | कार्यालय संवाददाता

दिल्ली की तर्ज पर अलीगढ़ में भी शाहीन बाग न बन जाए। इसके लिए पुलिस-प्रशासन अलर्ट हो गया है। शनिवार को शहर के अतिसंवेदनशील व संवेदनशील क्षेत्रों को चार सेक्टरों में बांटकर छह महिला मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों की तैनाती की गई है। तीनों सर्किल क्षेत्रों में दो पालियों में ड्यूटी रहेगी।

सीएए के विरोध में दिल्ली के शाहीन बाग में महिलाओं का लगातार विरोध-प्रदर्शन जारी है। 24 घंटे जारी रहने वाले इस प्रदर्शन में महिलाएं सड़क पर ही जमी हुई हैं। कुछ ही अलीगढ़ में किए जाने की इंटेलीजेंस से मिले इनपुट के बाद पुलिस-प्रशासन ने शनिवार को तत्काल प्रभाव से महिला मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों को नियुक्त करने का फैसला लिया। एडीएम सिटी राकेश मालपाणी ने बताया कि वर्तमान माहौल को देखते हुए कानून व्यवस्था प्रभावित न हो। इसके लिए महिला मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है।



एएमयू सर्किल के बाहर से पैदल मार्च निकालते पुलिस व आरएएफ।

कहां किसकी तैनाती

- सेक्टर मुख्यालय- थाना कोतवाली, सासनी गेट, देहलीगेट। पुलिस क्षेत्राधिकारी-प्रथम। सेक्टर मजिस्ट्रेट - डॉ. निधि राठौर, भूमि संरक्षण अधिकारी।
- सेक्टर मुख्यालय- थाना बन्नादेवी, गांधीपार्क। पुलिस क्षेत्राधिकारी-द्वितीय। सेक्टर मजिस्ट्रेट-हेमलता, एबीएसए।
- सेक्टर मुख्यालय-थाना सिविल लाइन, क्वार्सी, जवां। पुलिस क्षेत्राधिकारी-तृतीय। सेक्टर मजिस्ट्रेट-स्मिता सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी, दीप्ति वार्ष्णेय, एडीआईओएस।
- सेक्टर मुख्यालय-रिजर्व पुलिस लाइन। पुलिस क्षेत्राधिकारी-रिजर्व। सेक्टर मजिस्ट्रेट-रजनी शर्मा व कुसुम वर्मा।

Photos of Deployment/ Fam-Ex Of RAF

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।